web : www.nyaysakshi.com ‖ पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल ‖ पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक-सेहत-विज्ञान-फीचर

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

## आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN/2018/76480 ‖ Postal Registration No-055/Raigarh DN CG ‖ रायगढ़, रविवार 16 जून 2019 ‖ पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए ‖ वर्ष-01, अंक-254

## महत्वपूर्ण एवं खास

### ब्राजील में तेज बारिश का कहर, सात लोगों की हुई मौत

**रियो डि जिनेरियो।** ब्राजील के पर्नाम्बुको में भारी बारिश के कारण सात लोगों की मौत हो गयी और तीन अन्य लापता है। दमकलकर्मियो ने शनिवार को यह जानकारी दी। पांच लोगों की भूस्खलन के कारण मौत हुई है। रेसिफे के बाहरी इलाके केमरगिबे शहर में चार घर भूस्खलन के कारण दब गए। जाबोतओ डोस गुरारापेस की नगर पालिका रेसिफ मेट्रो के इलाके में एक किशोर की भूस्खलन से मौत हो गयी और एक महिला यहां की सुरंग के पानी में कार के अंदर मृत पायी गयी थी। केमरगिबे से दो बच्चों के लापता होने की रिपोर्ट है। जबकि एक 20 वर्षीय व्यक्ति नाहते समय नदी बहाव में बह गया। भारी बारिश के कारण रेसिफ में बाढ़ जैसे हालात है और सड़कों पर पानी भरा हुआ है तथा पेड़ गिरे हुये है। पर्नाम्बुको की पानी और जलवायु एजेंसी ने कहा कि रेसिफ में गुरुवार को छह घंटों में कुल 117 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गयी। जोकि इस क्षेत्र में दस दिनों की औसत बारिश के बराबर है।

### भारतीय नौका, चालक दल के 10 सदस्यों को बचाया गया

**मस्कट।** एक भारतीय नौका और इसके 10 सदस्यों को ओमान के बंदरगाह शहर धालकुट से 6.4 किलोमीटर दूर डूबने से बचाया गया है। ओमान के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। ओमान के समुद्री सुरक्षा केंद्र द्वारा शुक्रवार को दिए एक आधिकारिक बयान के अनुसार, केंद्र ने गुरवार को एक संकट संबंधी सूचना मिलने के बाद, संबंधित अधिकारियों को सूचित किया। ओमान की नौसेना ने भारतीय नौका के लिए एक जहाज भेजा, भारतीय नौका के इंजनों में कुछ तकनीकी खराबी आ गई थी। ओमान की वायु सेना के विमान अभी भी चालक दल के एक लापता सदस्य को ढूंढ रहे हैं।

### जर्मनी में निष्क्रिय किया गया द्वितीय विश्व युद्ध का बम

**बर्लिन, 15 जून।** जर्मनी की राजधानी बर्लिन में द्वितीय विश्व युद्ध का एक बम निष्क्रिय किया गया और इस दौरान करीब 3,000 लोगों को उनके घरों से निकाल कर सुरक्षित स्थानों पर भेजा गया है। स्थानीय मीडिया ने शनिवार को पुलिस के हवाले से बताया कि शुक्रवार को बर्लिन के अलेक्जेंडरप्लाट्ज स्कायर के समीप 100 किलोग्राम (221 पाउंड) का एक अमेरिकी बम बरामद किया गया। स्थानीय मीडिया के अनुसार बम को निष्क्रिय करने के दौरान करीब 3,000 लोगों को अपने घरों से दूर जाना पड़ा। मीडिया ने बताया कि जिस स्थान पर बम बरामद हुआ वहां से करीब 300 मीटर दूर एक रेस्ट होम स्थित है। इस दौरान क्षेत्र में यातायात भी रोक दिया गया था। बम को निष्क्रिय करने का काम शुक्रवार मध्य रात्रि के बाद शुरू हुआ। पुलिस ने बताया कि स्थानीय समयानुसार शुक्रवार मध्य रात्रि के बाद एक बजकर 45 मिनट पर बम को निष्क्रिय करने का काम सफलतापूर्वक पूरा हो गया।

### तेल टैंकर हमला मामले में संयुक्त राष्ट्र का स्वतंत्र जांच का आह्वान

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरस ने इसी सप्ताह ओमान की खाड़ी में तेल के दो टैंकरों पर हुए हमलों की स्वतंत्र जांच कराने का आह्वान किया है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने न्यूयार्क स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र प्रमुख के हवाले से कहा, सच का पता लगना बहुत जरूरी है, और जवाबदेही स्पष्ट होना बहुत जरूरी है। वे यहां पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ तभी हो सकता है जब कोई स्वतंत्र संस्था उन तथ्यों का सत्यापन करे। हमलों और उनकी जांच से संबंधित एक प्रश्न का जवाब देते हुए संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने कहा, अंतर्राष्ट्रीय समुदाय में जो भी हो, हम इस संबंध में किसी भी पहल का समर्थन करेंगे, बशर्ते यह स्वतंत्र हो। गुटेरस ने आगे कहा कि दुनिया खाड़ी में भारी संघर्ष बर्दाश्त नहीं कर सकती। इससे पहले गुरुवार को ओमान की खाड़ी में तेल के दो टैंकरों पर हमला कर दिया गया था। इनमें से कम से कम एक का संचालन जापानी कंपनी कर रही थी।

# नीति आयोग की बैठक : सीएम भूपेश बघेल ने राज्यहित से जुड़े मुद्दों पर की पीएम से चर्चा

## छत्तीसगढ़ के 70 लाख आदिवासियों और 58 लाख गरीब परिवारों से जुड़े लंबित विषयों के शीघ्र निराकरण का किया अनुरोध

**रायपुर-नई दिल्ली (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की और उनसे छत्तीसगढ़ के 70 लाख आदिवासियों और 58 लाख गरीब परिवारों से जुड़े लंबित विषयों के शीघ्र निराकरण का आग्रह किया।

मुख्यमंत्री बघेल ने प्रधानमंत्री को कहा कि छत्तीसगढ़ में किसानों के हितों को ध्यान रखते हुए छत्तीसगढ़ शासन ने किसानों से 2500 रू प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी की हैं। इससे राज्य में अतिरिक्त धान का उपार्जन हुआ हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री से आग्रह किया कि किसानों के हित को देखते हुए सार्वजनिक प्रणाली की आवश्यकता के अतिरिक्त चावल को केन्द्रीय पूल में लेने की स्वीकृति प्रदान करे। राज्य के हर घर में नल कनेक्शन के माध्यम से पेयजल प्रदाय करने की



योजना के संबंध में मुख्यमंत्री ने आग्रह किया कि इसके लिए केन्द्र सरकार को शत्प्रतिशत अनुदान प्रदान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार शत-प्रतिशत विद्युतीकरण को लेकर राष्ट्रीय स्तर पर प्रयास हुए हैं उसी प्रकार हर घर में पेयजल की व्यवस्था के लिए भी प्रयासों की जरूरत है।

मुलाकात के दौरान वन अधिकारों की मान्यता का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री से कहा कि भारतीय वन अधिनियमए 1927 में प्रस्तावित संशोधनों में अनेक खामियां हैंए जिससे वन क्षेत्रों में निवासरत आदिवासियों के हितों का संरक्षण नहीं किया गया है उन्होंने इसमें संशोधन पर जोर दिया हैं। बघेल ने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा देश के लघु एवं सीमांत कृषकों को लाभांवित करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना आरंभ की गई है। इस योजना के हितग्राहियों में अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन निवासी वन अधिकारों की मान्यता अधिनियम 2006 के तहत् वन अधिकार प्राप्त किसानों को शामिल नहीं किया गया है, उन्होंने इस योजना अंतर्गत उक्त वन अधिकार प्राप्त किसानों को सम्मिलित करते हुए रू. 12,000 प्रतिवर्ष सम्मान निधि देने की मांग की।

बैठक में उज्जवला योजना का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि योजना के तहत रिफि ल कराये गये सिलेंडर की संख्या कम हैं। उन्होंने कहा कि गरीब परिवारों के लिए एक मुश्त इतनी राशि देना संभव नहीं होने तथा दूरस्थ अंचलों में एल.पी.जी वितरकों की संख्या में अपेक्षित वृद्धि न होना कम रिफिल का मुख्य कारण है। उन्होंने कहा कि गरीबी की रेखा से नीचे आने वाले परिवारों को खाना पकाने हेतु ईंधन के रूप में केरोसिन की आवश्यकता होती है। अतः राज्य हित में केरोसिन का कोटा 1015 लाख किलो लीटर से बढ़ाकर 1.58 लाख किलो लीटर किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य में उज्जवला योजना के अंतर्गत जारी गैस कनेक्शन का वार्षिक रिफिल प्रतिशत औसतन 1.7 है, जो कि अत्यंत कम है। इसलिए 5 किलो वाले गैस सिलेण्डर की आपूर्ति ऑयल कंपनियों द्वारा प्रदेश के सभी जिलों में आपूर्ति की जानी चाहिए ताकि बीपीएल परिवार की क्रय क्षमता के अंतर्गत एलपीजी का उपयोग सुनिश्चित हो सके।

मुलाकात के दौरान उन्होंने आग्रह किया कि शासकीय उपक्रमो हेतु आबंटित खदानों में 100 रूपये प्रति टन के स्थान पर 500 रूपये प्रति टन प्रिमियम दिया जाये तथा छत्तीसगढ राज्य को उत्पादित विद्युत का हिस्सा भी दिया जाये।

## टीएमसी कार्यकर्ता के घर में बम फेंकने के बाद की फायरिंग, तीन की मौत

**मुर्शिदाबाद (आरएनएस)।** पश्चिम बंगाल में राजनीतिक हिंसा रुकने का नाम नहीं ले रही है.राज्य के मुर्शिदाबाद में तृणमूल कांग्रेस के कार्याकर्ता खैरुद्दीन शेख और सोहेल राणा के घर में बीती रात बम फेंक दिया गया. बताया गया कि बम फेंकने के बाद गोलीबारी भी की गई जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई. जिसके बाद उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई.



हिंसा में तीन लोगों की मौत हो गई. जिला टीएमसी नेता अबु ताहेर ने कहा कि मारे गए तीनों लोग टीएमसी कार्यकर्ता के रिश्तेदार हैं. पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी.

रिपोर्ट के अनुसार खैरुद्दीन शेख के बेटे मिलन शेख ने कहा कि हम लोग अपने घर में सो रहे थे, तभी हमारे घर पर बम फेंक दिया गया. कुछ दिन पहले मेरे चाचा को भी मार दिया गया था.

इससे पहले बशीरहाट लोकसभा क्षेत्र के हासनाबाद में एक महिला भाजपा कार्यकर्ता की सिर में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी.

## चमकी बुखार का कहरः 13 बच्चों की गई जान, 24 दिनों में 68 की मौत

**पटना (आरएनएस)।** बिहार में उमस भरी गर्मी के बीच मुजफ्फरपुर और इसके आसपास के क्षेत्रों में बच्चों पर कहर बनकर टूटने वाली बीमारी चमकी बुखार से पीड़ित बच्चों की मौत का सिलसिला जारी है। पिछले 24 घंटों में एसकेएमसीएच और केजरीवाल अस्पताल में भर्ती 13 बच्चों की मौत हो गई है। मौसम की तल्खी और हवा में नमी की अधिकता के कारण संदिग्ध एक्यूट इंसेफलाइटिस सिंड्रोम (एईएस) और जापानी इंसेफलाइटिस (जेई) नामक बीमारी से पीछले करीब 24 दिनों में 68 बच्चों की मौत हो गई है। जिसमें 55 बच्चों की मौत कृष्णा मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में हुई है, जबकि 11 की मौत केजरीवाल अस्पताल में हुई है।



बीमारी से मौत और पीड़ितों की बढ़ रही संख्या को लेकर पटना मुख्यालय में उच्चस्तरीय बैठक चल रही है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर निदेशक प्रमुख डॉ आरडी रंजन, राज्य वैक्टर बॉर्न डिजीज कंट्रोल अधिकारी डॉ एमपी शर्मा व राज्य जेई एईएस के नोडल समन्वयक संजय कुमार ने एसकेएमसीएच में पहुंच कर स्थिति का जायजा लिया। इन अधिकारियों ने दो राउंड चारों पीआईसीयू का जायजा लिया। निदेशक प्रमुख ने बताया कि जेई के चार पीड़ित मरीज मिले हैं। इंसेफेलाइटिस से किसी बच्चे की मौत नहीं हुई। जो भी बच्चे मरे हैं, उनमें हाइपोग्लेसिमिया और सोडियम पोटैशियम की चमकी-तेज बुखार कमी थी। तेज धूप के साथ आर्द्रता इसमें बहुत बड़ा कारण है।

उल्लेखनीय है कि उत्तर बिहार के मुजफ्फरपुर, पूर्वी चंपारण, पश्चिम चंपारण, शिवहर, सीतामढ़ी व वैशाली में बीमारी का प्रभाव दिखता है। इस साल अब तक एसकेएमसीएच में जो मरीज आ रहे हैं, वे मुजफ्फरपुर और आसपास के हैं।

## राजधानी में आज भी 10 हजार से ज्यादा डॉक्टर्स हड़ताल पर

### » ममता सरकार को दिया 48 घंटे का अल्टीमेटम

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** पश्चिम बंगाल की घटना को लेकर देशभर के डाक्टर हड़ताल पर हैं जिससे लोगों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। दिल्ली एम्स के रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन ने पश्चिम बंगाल सरकार को हड़ताली डॉक्टरों की मांगें पूरी करने के लिए 48 घंटों का अल्टीमेटम दिया है। उन्होंने कहा कि अगर सरकार ने मांगें पूरी नहीं कीं तो एम्स में अनिश्चितकालीन हड़ताल करने पर मजबूर होंगे। इस समय बंगाल की स्वास्थ्य सेवाएं भी पूरी तरह से ठप्प हैं। सरकारी अस्पातल के 700 से ज्यादा डाक्टर अब तक अपने पद से इस्तीफा दे चुके हैं। बता दें कि सोमवार को पश्चिम बंगाल के एनआरएस मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में दो इंटर्न डॉक्टरों पर हमला किया गया था। जिससे गुस्साए डॉक्टर हड़ताल पर हैं।



राजधानी में डॉक्टरों की हड़ताल का सिलसिला शनिवार को भी देखने को मिल सकती है। फेडरेशन ऑफ रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन (फोर्डा) ने शनिवार को हड़ताल का एलान किया है। फोर्डा के समर्थन में शुक्रवार शाम तक केंद्र सरकार के राम मनोहर लोहिया अस्पताल और लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज ने भी हड़ताल का फैसला लिया। वहीं दिल्ली सरकार के डीडीयू, इहबास, संजय गांधी मेडिकल कॉलेज ने भी शनिवार को काम बंद रखने का निर्णय लिया है। इन सभी अस्पतालों के रेजीडेंट संगठनों ने अपने-अपने निदेशक को पत्र लिख इसकी सूचना भी दे दी है। बताया जा रहा है कि दिल्ली के और भी सरकारी अस्पताल शनिवार को हड़ताल का समर्थन कर सकते हैं।

फोर्डा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सुमेध का कहना है कि पश्चिम बंगाल की तरह आए दिन लगभग हर राज्य में डॉक्टरों पर हमले की घटनाएं हो रही हैं, लेकिन अब देश का चिकित्सीय वर्ग खड़ा हो चुका है। जब तक सरकारें डॉक्टरों की सुरक्षा पर ठोस कदम नहीं उठाएंगी, हड़ताल का ये सिलसिला किसी न किसी रूप में चलता ही रहेगा। उन्होंने बताया कि शनिवार को फोर्डा के नेतृत्व में हड़ताल की घोषणा की गई है।

## गुजरात में नहीं टला वायु' तूफान का खतरा

### » कच्छ तट पर दे सकता है दस्तक

**अहमदाबाद (आरएनएस)।** चक्रवाती तूफान वायु दिशा बदल कर गुजरात के कच्छ में पहुंच सकता है.रिपोर्ट के मुताबिक, ओमान की ओर गया साइक्लोन अगले 36 घंटे में वापस कच्छ की सीमा से टकराएगा. हालांकि अनुमान लगाया जा रहा है कि इसकी तीव्रता इस बार काफी कम होगी. तेज रफ़्तार हवाओं के साथ-साथ भारी बारिश होने का अनुमान है. चक्रवाती तूफान गुजरात के पोरबंदर और द्वारका में भी बड़ा असर डालेगा. अगले 48 घंटों के दौरान इसके पश्चिम की ओर बढ़ने का अनुमान है. इसके बाद यह फिर से उत्तर-पूर्व की ओर फिर से बढ़ सकता है. इसको लेकर गुजरात राज्य का प्रशासन अलर्ट पर है.



हालांकि, गुरुवार सुबह राहत की खबर ये आई कि वायु का असर पूरे राज्य पर नहीं बल्कि तटीय इलाकों पर ही देखने को मिल सकता है. किसी भी अनहोनी का सामना करने के लिए एनडीआरएफ की 52, एसडीआरएफ की 9, एसआरपी की 14 कंपनियां तैनात हैं. केंद्र सरकार भी राज्य सरकार के साथ मिलकर काम कर रही है.

## सीवर साफ करने के दौरान दम घुटने से सात लोगों की मौत

**वड़ोदरा (आरएनएस)।** गुजरात के वड़ोदरा जिले में एक होटल में सीवर साफ करने के दौरान दम घुटने से चार सफाईकर्मियों सहित सात लोगों की मौत हो गई. घटना की सूचना दभोई फायर और पुलिस के पुलिस कर्मियों को दी गई, 108 एम्बुलेंस और फायर कर्मचारी मौके पर पहुंचे और राहत अभियान शुरू किया. शिकायतकर्ता ने अत्याचार अधिनियम के तहत शिकायत दर्ज की है.

अधिकारियों ने बताया कि वड़ोदरा शहर से करीब 30 किलोमीटर दूर डभोई तहसील के फर्तिकुई गांव में स्थित एक होटल में यह हादसा हुआ.

हादसे में मारे गए लोगों में तीन होटल कर्मचारी भी शामिल हैं. इस मामले से प्राप्त जानकारी के अनुसार, दाभोई तालुका के थुववी गांव के चार लोग सीवर साफ करने उतरे थे.

'जब एक सफाईकर्मी मेनहोल से बाहर नहीं आया तो अन्य उसे देखने अंदर गए. सभी की दम घुटने से मौत हो गई.ज

मृतकों की पहचान हितेश ए हरिजन (23), उनके पिता अशोक बी हरिजन (45), महेश एम हरिजन (25), महेश आर पन्नवाडिया (46) (सभी चार स्वीपर और दभोई तालुका में थावी के निवासी), अजय के रूप में हुई है. वसावा (24, भरुच के नेतरंग तालुका में कदवली गाँव), विजय ए चौधरी (22) और शाहदेव आर वसावा (22) (दोनों सूरत जिले के उमरपाड़ा तालुका के गांव वेलवी के निवासी हैं).

## आंध्र प्रदेश के पूर्व सीएम नायडू की हवाई अड्डे पर हुई जांच

### » नहीं दी गई वीआईपी सुविधा

**विजयवाड़ा (आरएनएस)।** आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और अब विपक्ष के नेता एन. चंद्रबाबू नायडू को शुक्रवार देर रात यहां गन्नवरम हवाई अड्डे पर तलाशी से गुजरना पड़ा। नायडू को विमान तक जाने के लिए वीआईपी सुविधा से भी वंचित कर दिया गया और आम यात्रियों के साथ बस में यात्रा करनी पड़ी।

एक सुरक्षा गार्ड को सुरक्षा प्रवेश द्वार पर नायडू की तलाशी लेते देखा गया। तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के प्रमुख को विमान तक वीआईपी वाहन से पहुंचने की अनुमति भी नहीं दी गई। इस घटना पर तेदेपा ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की, और आरोप लगाया गया कि भाजपा और वाईएसआर कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) बदले की राजनीति कर रही है।

## ममता सरकार को 48 घंटों का अल्टीमेटम देते हुए राजधानी के डॉक्टरों ने हड़ताल वापस ली



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन (आरडीए) ने पश्चिम बंगाल के प्रदर्शनकारी डॉक्टरों के समर्थन में घोषित अपनी एक दिवसीय हड़ताल शनिवार को वापस ले ली। फैसले की घोषणा करते हुए, आरडीए ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को अपने राज्य में प्रदर्शनकारी डॉक्टरों की मांगों को पूरा करने के लिए 48 घंटे का अल्टीमेटम दिया है। आरडीए की ओर से एक बयान में कहा गया, आरडीए एम्स पश्चिम बंगाल सरकार को हड़ताली चिकित्सकों की मांगों को पूरा करने के लिए 48 घंटे का एक अल्टीमेटम जारी करता है, जिसमें विफल रहने पर हम एम्स, नई दिल्ली में अनिश्चितकालीन हड़ताल का सहारा लेने के लिए मजबूर हो जाएंगे। हमें उम्मीद है कि जरूरत की इस घड़ी में देश भर के हमारे साथी हमारे साथ शामिल होंगे।

एसोसिएशन से जुड़े डॉक्टरों ने हालांकि कहा कि वे विरोध के संकेत के रूप में लाल स्टेन वाले बैंडेज और हेलमेट पहनना जारी रखेंगे।

ममता द्वारा अपने राज्य में प्रदर्शनकारी डॉक्टरों को अपनी हड़ताल वापस लेने और काम पर लौटने या छात्रावासों को खाली करने के लिए चार घंटे का समय देने के एक दिन बाद यह अल्टीमेटम सामने आया है। सफदरजंग अस्पताल के डॉक्टरों ने भी अपनी हड़ताल वापस ले ली है।